(24)

संख्या:-378/एक-10-2024

प्रेषक,

शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
लखनऊ।

राजस्व अनुभाग-10 लखनऊः दिनांकः 01/03/2024

विषयः- 05 क्षेत्रीय आपदा प्रतिक्रिया केन्द्रों में 01-01 मोबाइल ईओसी वाहन क्रय किये जाने हेतु रू0 15.00 करोड़ की धनराशि राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से आवंटित किये जाने जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राहत आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या-4957/रा0आ0का0/2023-24, दिनांक 15.12.2023 तथा अपने पत्र संख्या-1162/रा0आ0प्र0प्रा0/2023-24 दिनांक 23.02.2024 जिसके माध्यम से 05 क्षेत्रीय आपदा प्रतिक्रिया केन्द्रों में 01-01 मोबाइल ईओसी वाहन क्रय किये जाने हेतु रू0 15.00 करोड़ की धनराशि राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से आवंटित किये जाने की मांग की गयी है, का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि 05 क्षेत्रीय आपदा प्रतिक्रिया केन्द्रों में 01-01 मोबाइल ईओसी वाहन क्रय किये जाने हेतु रू0 15,00,00,000/ (रूपये पन्द्रह करोड़ मात्र) की धनराशि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से निम्नलिखित विवरण तथा शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के निवर्तन पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

**नियम एवं शर्तें**

1. अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष 05 क्षेत्रीय आपदा प्रतिक्रिया केन्द्रों हेतु मोबाईल ई.ओ.सी. वाहन का क्रय जेम पोर्टल/ई-टेण्डर के माध्यम से किया जायेगा।
2. स्वीकृत धनराशि का उपभोग वित्तीय नियमों के अनुसार तथा वित्तीय हस्त–पुस्तिका/बजट मैनुअल के अनुसार किया जायेगा।
3. राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि की उक्त धनराशि का उपयोग भारत सरकार के पत्र संख्या-33-02/2020-NDMA दिनांक 14.01.2022 में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जायेगा।
4. समस्त धनराशि का उपभोग दिनांक 31.03.2024 से पूर्व कर लिया जायेगा। यदि धनराशि अवशेष बचती है, तो नियमानुसार दिनांक 31.03.2024 के पूर्व समर्पित कर दी जायेगी।
5. जिस मद में धनराशि स्वीकृत की जा रही है, उसी मद में इस धनराशि का उपयोग किया जायेगा।

6. उक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5, भाग-1 के प्रस्तर 369 एच के अधीन निर्धारित प्रारूप संख्या-42 आई में शासन को तुरन्त उपलब्ध कराया जायेगा।
7. व्यय की गयी धनराशि महालेखाकार कार्यालय में सही मदों में पुस्तांकन कराया जाये और प्रत्येक माह में महालेखाकार कार्यालय से आंकड़े समाधानित एवं सत्यापित कराकर शासन को सूचित किया जाये।
8. ई-टेण्डरिंग/जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय के सम्बन्ध में समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रू0 15,00,00,000/- (रू0 पन्द्रह करोड़ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-51 लेखाशीर्षक 4250-101-05-24 वृहद निर्माण कार्य मद में स्टेट डिजास्टर मिटिगेशन फण्ड से व्यय के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17 मार्च, 2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

Digitally Signed by
शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी
Date: 01-03-2024 17:20:31
Reason: Approved

(शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी)
अनु सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक उपरोक्त।</u>

प्रतिलिपित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. - महालेखाकार प्रथम/आडिट प्रथम, उ०प्र० प्रयागराज।
2. - राहत आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. - आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद्, उ०प्र० लखनऊ।
4. - विशेष सचिव / नोडल अधिकारी, बजट आवंटन (ई-बजट), राजस्व विभाग, उ०प्र०शासन।
5. - निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री जी, राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. - वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय राहत आयुक्त संगठन, उ०प्र० ।
7. - कोषाधिकारी/मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
8. - वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-5
9. - गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी)
अनु सचिव।

# Allotment Grid Report

**वित्तीय वर्ष:-2023-2024**
**आवंटन दिनांक-06/03/2024**

**प्रेषण संख्या:-** 378
**आवंटन आदेश संख्या:-** 001-378
**अनुदान संख्या:-** 51 राजस्व विभाग (दैवी विपत्तियों के सम्बन्ध में राहत)(वित्तीय वर्ष 2023-2024 का आवंटन)
**लेखाशीर्षक:-** 4250 - अन्य समाज सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय(आयोजनेत्तर-मतदेय)

101 - प्राकृतिक आपदाएं
05 - स्टेट डिजास्टर मिटिगेशन फण्ड से व्यय

**(धनराशि रु. में)**

| S.No. | अधिकारी/जनपद का नाम | | 24-वृहत् निर्माण कार्य | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जवाहर भवन, लखनऊ-6019-up state disaster management authority , lucknow-01-a | वर्तमान<br>प्रगामी | 150000000<br>318167000 | 150000000<br>318167000 |
| | योग | वर्तमान<br>प्रगामी | 150000000<br>318167000 | 150000000<br>318167000 |

**महायोग-** (वर्तमान आवंटन):- रूपया पन्द्रह करोड़
**महायोग-** (प्रगामी आवंटन):- रूपया इकत्तीस करोड़ इक्यासी लाख सरसठ हजार

(जान्हवी मोहन)
वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी

(जान्हवी मोहन)
वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी
राहत आयुक्त संगठन
उ०प्र० शासन